MPMETRO

**MP METRO NEWS**

**3 FEBRUARY 2024**

| S.No. | Sour ce | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Patrika | Indore | 3.02.2024 | 01 | मेट्रो का झरोखा.. एमआर-10 का दृश्य | Neutral |

पत्रिका

इंदौर | शनिवार 03.02.2024

ZOOM जूम indore HYPER LOCAL

खजूरी बाजार । पंढरीनाथ । छावनी । सिरपुर । राजबाड़ा ।

Pg-I

फोटो स्टोरी

## मेट्रो का झरोखा...एमआर-10 का दृश्य



**इंदौर@पत्रिका.** शहर के एमआर-10 ब्रिज के पास रात्रिकालीन मेट्रो का कार्य हो रहा है। इससे पूर्व शाम के समय इस ब्रिज पर कुछ इस तरह का दृश्य नजर आया जैसे मेट्रो का झरोखा हो।

**Metro News**

**13.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | RajExpress | Indore | 13.02.2024 | 03 | 545 करोड़ में तैयार होगा इं ट्रेक | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
3 महानगर
सूर्योदय : 07:01 सूर्यास्त 18.22
तापमान अधिकतम 26.8° न्यूनतम 14.5°
इंदौर
मंगलवार, 13 फरवरी 2024



रेल निगम और चेन्नई की यूआरसी कंस्ट्रक्शन को चार माह में तैयार करना है ट्रेक

# 545 करोड़ में तैयार होगा इंदौर मेट्रो का एलिवेटेड ट्रेक

"इंदौर में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के ट्रायल रन के बाद आगामी कार्यों में खासी तेजी आ गई है। बहरहाल मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए कोई टाइम लिमिट तय नहीं है फिर भी सरकार की मंशा के मुताबित का तेज गति से चलने लगा है। अब इस प्रोजेक्ट में एलिवेटेड ट्रेक पर ध्यान केंद्रित किया गया है।"

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

इस काम का ठेका रेल विकास निगम और चेन्नई की यूआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। 545 करोड़ की लागत से बनने वाला यह ट्रेक रोबट चौराहा रिंग रोड़ से हाईकोर्ट तक तैयार होगा। छह किलोमीटर वाले इस ट्रेक में पांच स्टेशन तैयार होंगे। बहरहाल अभी तक मेट्रो रेल प्रोजेक्ट शहर की सीमा क्षेत्रों में आकार ले रहा था। पहली बार व्यस्त और आबादी वाले क्षेत्रों में इसकी आमद हो रही है। ऐसे में एलिवेटेड ट्रेक की राह में बाधा भी खड़ी होगी यह तय है।

## ट्रेक की राह में बाधाओं को हटाना बडी चुनौती

रेल विकास निगम और चेन्नई की यूआरसी कंपनी को एलिवेटेड ट्रेक का निर्माण चार माह में करना होगा। रोबोट चौराहे से खजराना, बंगाली स्क्वेयर, कनाड़िया रोड़, पलासिया होते हुए एमजी रोड हाईकोर्ट तक यह ट्रेक तैयार होगा। गौरतलब है कि मेट्रो का पहला चरण 17.5 किलोमीटर का है और पहली बार व्यस्त यातायात और सघन आबादी क्षेत्र में इस प्रोजेक्ट की इंट्री हो रही है। इस ट्रेक पर पांच स्टेशन भी बनाए जाएंगे। बहरहाल छह किलोमीटर वाले इस क्षेत्र में कई बाधाएं है जिन्हें दूर करना आसान काम नहीं। कनाडिया क्षेत्र में तो एक धर्मस्थल ही सबसे बड़ी बाधा है। ऐसी बाधाओं से निपटने के लिए सभी विभागों की संयुक्त बैठक भी जल्द होने वाली है।



## विजयवर्गीय ने मांगी स्वीकृत राशि



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मेट्रो रेल परियोजना के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत 350 करोड़ की राशि के भुगतान की मांग की है। ताकि इस राशि का उपयोग मेट्रो प्रोजेक्ट पर किया जा सके। उल्लेखनीय है कि इंदौर में 25 मेट्रो रेलों का संचालन होगा। फिलहाल इंदौर में मेट्रो रेल के तीन सेट आ चुके हैं। ट्रायल रन के दौरान दो सेट इंदौर आए थे और तीसरा सेट कुछ दिन पहले बड़ौदा से इंदौर पहुंचा था।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | Free Press journal | Indore | 13.02.2024 | 02 | METRO: THREE FIRMS SUBMIT BIDS FOR AFC | Neutral |


INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | TUESDAY | FEBRUARY 13, 2024

Pg-02


# METRO: THREE FIRMS SUBMIT BIDS FOR AFC


OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in


Three companies have submitted bids for the Automatic Fare Collection (AFC) contract under Indore and Bhopal Metro. The chosen contractor will undertake the comprehensive responsibility of designing, manufacturing, supplying, installing, testing and commissioning an end-to-end Open loop EMV (RuPay/Master/Visa) NCMC card-based AFC system and QR code-based ticketing.

Each device will be seamlessly connected to a central back-office AFC system. The tender for the contract was initiated by MPMRCL in March 2022, setting a four-year deadline estimating the project cost at Rs 230 crore. The participating bidders are Asis Elektronika ve Bili?im Sistemleri A.?, NEC Corporation India Pvt Ltd and Shellinfosg Global Digital Technologies. The technical bids are currently undergoing evaluation. ShellInfosg, a participant in this bid, had previously secured AFC contracts for Chennai Metro Phase 2. Asis Elektronik has a track record of winning contracts for Pune Metro's Phase 1, Kochi Metro's Phase 1 and Mumbai Metro's Line 3 in consortiums with prominent financial institutions.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | Times of India | Indore | 14.02.2024 | 2 | Metro… Men at Work | Neutral |

# METRO... MEN AT WORK



Workers constructing a shed at Gandhi Nagar Metro station in Indore

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | पत्रिका | इंदौर | 16 .02.2024 | 03 | मेट्रो ट्रैक के लिए साफ करो रास्ता, 7 दिन मे दूर हो बाधा | Neutral |


INDOREPRIME

इंदौर प्राइम

पत्रिका patrika.com

इंदौर, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024


#MetroTrain: 22 विभागों के अफसरों की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जल्द शुरू होगा दूसरे चरण का काम**

# मेट्रो ट्रैक के लिए साफ करो रास्ता, 7 दिन में दूर हो बाधा



इंदौर @पत्रिका. मेट्रो ट्रेन के दूसरे चरण का काम शुरू होने में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए कलेक्टर ने 22 विभागों की बैठक ली। बाधाओं व समस्याओं को दूर करने के लिए सात दिन का समय दिया गया। इधर, पुलिस व एयरपोर्ट की जमीन को लेकर तकनीकी पेंच फंस रहा था, जिस पर अलग से बैठक होगी। गुरुवार को प्रशासनिक संकुल में कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा ली गई बैठक में एडिशनल पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, आइडीए सीईओ रामप्रसाद अहिरवार, अपर कलेक्टर गौरव बैनल, रोशन राय आदि मौजूद थे। बैठक में मेट्रो कंपनी ने शहीद पार्क से बंगाली चौराहा, कनाड़िया रोड, पत्रकार कॉलोनी, पलासिया, एमजी रोड, नगर निगम, बड़ा गणपति, एयरपोर्ट होते हुए गांधी नगर तक 36 बाधाओं की जानकारी दी। इनमें से पांच निजी तो 31 सरकारी जमीन हैं, जिनका अर्जन किया जाना है। मेट्रो ट्रेन कंपनी के एजीएम हरिओम शर्मा ने मेट्रो स्टेशन और लाइन की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि इंदौर के लिए मेट्रो ट्रेन महत्वपूर्ण है। इसका काम निर्धारित समय में पूरा करने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए।



**निगम अफसरों के साथ बैठक:** नगर निगम परिषद की बैठक होने से कोई अधिकारी नहीं आया। तय किया गया कि निगम के साथ अलग से बैठक होगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ मेट्रो ट्रेन कंपनी बैठक करेगी। पीडब्ल्यूडी व एनवीडीए ने जगह देने का प्रस्ताव भोपाल भेजने की बात कही है। मल्हारगंज अस्पताल ने भी जगह देने पर सहमति जताई है।

## पुलिस को बनाकर दें जी प्लस 3

रानी सराय पुलिस कार्यालय को मेट्रो कंपनी लेगी। एवज में वह पुलिस को जी प्लस 2 कार्यालय बनाकर देगी। प्रस्ताव पर पुलिस ने आपत्ति ली कि बहुत कम जगह मिल रही है। इस पर कलेक्टर सिंह ने मेट्रो कंपनी से कहा कि वे जी प्लस 3 बिल्डिंग बनाकर दें। इसके अलावा भी कुछ और विषय आए तो कलेक्टर ने पुलिस के साथ अलग से बैठक करने की बात कही। इस पर मेट्रो कंपनी के अफसर भी राजी हो गए।

## पार्किंग पर फोकस

कलेक्टर सिंह ने स्टेशन को देखकर कहा कि उसके पास पार्किंग की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। ऐसा नहीं किया तो शहर में नई समस्या खड़ी हो जाएगी। इसके लिए अभी से काम करने की आवश्यकता है। इस पर मेट्रो कंपनी ने रिपोर्ट पेश करने को कहा।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | राज एक्स्प्रेस | इंदौर | 16 .02.2024 | 03 | मेट्रो संबंधी कार्यों को दी जाएगी गति: कलेक्टर | Neutral |



**निर्देश** कलेक्टर आशीष सिंह ने ली संबंधित अधिकारियों की बैठक, सभी आवश्यक कार्यवाहियां जल्द से जल्द पूरी करने के दिए निर्देश

# मेट्रो संबंधी कार्यों को दी जाएगी गति : कलेक्टर



## दूसरे चरण की बाधाओं को किया जाएगा दूर

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

मेट्रो संबंधी सभी अवरोधों को जल्द से जल्द दूर किए जाए, इस कार्य में जो भी बाधाएं आ रही है, उसके लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। गुरुवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए है कि मेट्रो संबंधी कार्यों को गति दी जाए। मेट्रो संबंधी निर्माण कार्य तेज गति से पूर्ण हो उसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाहियां जल्द से जल्द पूरी हो। सभी अवरोधों को अगले 7 दिन में दूर किया जाए। कलेक्टर आशीष सिंह ने यहां मेट्रो से जुड़े सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय में ली। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपी अहिरवार, अपर कलेक्टर गौरव बेनल तथा रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बाधाओं की जानकारी ली

बैठक में श्री आशीष सिंह ने मेट्रो के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मेट्रो स्टेशन, मेट्रो लाईन आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेट्रो के दूसरे चरण के तहत किए जाने वाले कार्यो और उनमें आ रही बाधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही प्रक्रियात्मक कार्यवाहियों को पूर्ण करने और अन्य बाधाओं को अगले 7 दिन में दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर आशीष सिंह ने मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | Free Press | Indore | 16.02.2024 | 04 | All Obstructions related to Metro should be removed in 7 days | Neutral |

MPMETRO

INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | FRIDAY | FEBRUARY 16, 2024

Pg-04

# 'ALL OBSTRUCTIONS RELATED TO METRO SHOULD BE REMOVED IN 7 DAYS'



Collector Asheesh Singh holds a meeting to review the progress of the Metro train project at his office on Thursday.

## Collector Asheesh Singh chairs meeting of concerned officers

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

All obstacles to the Metro construction work should be removed in the next 7 days and the pace of work should be increased. These instructions were given by collector Asheesh Singh while holding a meeting of officials of all concerned departments related to the Metro held at the Collector office on Thursday. He said that all Metro-related works should be expedited and necessary actions should be completed as soon as possible.

On this occasion, additional police commissioner Manoj Shrivastava, chief executive officer of Indore Development Authority (IDA) RP Ahirwar, additional collectors Gaurav Benal and Roshan Rai and other officials were present. In the meeting, Collector Singh received information about construction work of Metro train project including Metro stations, Metro lines etc. He also sought information about the work to be done under the second phase of the project and the obstacles being faced.

He directed that procedural actions for construction work should be completed and obstacles should be removed in the next 7 days. Collector Singh also gave instructions to make proper parking arrangements at the metro station.

Later talking to media the collector said that connectivity of Metro stations is very important. In this regard, the School of Planning and Architecture will give a presentation in this regard. He also talked about identifying alternate sites for police, IMC, health and education departments' buildings being affected by the project. He also stressed the fact that we have to complete the project within the prescribed time limit of 36 months.

# 117-YEAR-OLD RANI SARAI TO BE RAZED

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Rani Sarai which is the old police headquarters at Regal Square will be razed in the coming days for the construction of a huge Metro station. Rani Sarai was built in 1907, which will now be demolished after 117 years. From superintendent of police (SP) to the commissioner (CP), top officials continued to sit at this headquarters for a long time and the police control room was also operated from here. Even now the offices of Crime Branch, Zone-1 and 3 are also here.

However, a huge station of the underground metro project will be built at this place, which will include a huge parking lot along with the main station and Chhoti Gwaltoli police station buildings built at the back.

To implement the Metro project, many government lands are being transferred by the administration in the central region, which include offices or vacant lands of various departments.

The Metro project is being implemented in Indore-Bhopal, along with which recently the government also announced the implementation of TOD policy in Indore, which is to be implemented for the Metro project.

In this policy, other benefits will be given in exchange of private; government lands falling in the area of 500-500 metres on both sides.

As per intention of Metro Rail Corporation, more than a dozen important government lands are to be transferred to the Urban Administration and Development Department, in which the land of Regal, as well as corporation headquarters is also being taken from the Indore Municipal Corporation (IMC). Some land of the park and some areas near Devi Ahilya Central Library will also be taken.



FILE PHOTO

### History of Rani Sarai

Rani Sarai was built in Mughal style. The stairs leading to the second floor are made of stone blocks. This two-storey building was built by the firm of Bombay, Charles Stevenson and Company. The first floor and its windows are also made of stone. The second floor of the building is not made of stones but of bricks and cement. There are arches for entry at most places in the building. There is also a fountain made of stone in the courtyard of Rani Sarai, which was built by Maharaj Tukojirao III after the death of his Queen's assistant Isaacas.

In the year 1907, when Maharaja Shivajirao Holkar's wife Varanasi Bai was on her death bed, he had built the Sarai at Regal Square for visitors to stay. At that time Rs 1.56 lakh were spent in its construction.

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | नवभारत | इंदौर | 16.02.2024 | 03 | मेट्रो संबंधी कार्यों को दी जाएगी गति | Neutral |



# मेट्रो संबंधी कार्यों को दी जाएगी गति



**इंदौर. कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि मेट्रो संबंधी कार्यों को गति दी जाए. मेट्रो संबंधी निर्माण कार्य तेज गति से पूर्ण हो उसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाहियां जल्द से जल्द पूरी हो. सभी अवरोधों को अगले 7 दिन में दूर किया जाये.**

कलेक्टर आशीष सिंह ने आज यहां मेट्रो से जुड़े सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय में ली. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर गौरव बेनल तथा रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. बैठक में श्री आशीष सिंह ने मेट्रो के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की. उन्होंने मेट्रो स्टेशन, मेट्रो लाईन आदि के बारे में जानकारी ली. उन्होंने मेट्रो के दूसरे चरण के तहत किए जाने वाले कार्यों और उनमें आ रही बाधाओं की जानकारी भी ली.

- **सभी अवरोधों को अगले 7 दिन में किया जायेगा दूर**
- **कलेक्टर ने ली संबंधित अधिकारियों की बैठक**

## पार्किंग की समुचित व्यवस्था करें

उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही प्रक्रियात्मक कार्यवाहियों को पूर्ण करने और अन्य बाधाओं को अगले 7 दिन में दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये.

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | Free Press | Indore | 16.02.2024 | 11 | सीबी चक्रवर्ती को मेट्रो रेल, किरोड़ी स्मार्ट सिटी भोपाल के प्रभारी | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 16-02-2024 Pg-11

### आईएएस अधिकारी इधर-उधर

# चक्रवर्ती को मेट्रो रेल, किरोड़ी स्मार्ट सिटी भोपाल के प्रभारी

## मंडलोई रेल कॉर्पोरेशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

राज्य सरकार ने फिर आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। नगरीय विकास विभाग में दो अपर आयुक्त की पोस्टिंग की गई है। वर्ष 2016 बैच के किरोड़ीलाल मीणा को संचालक राज्य कम्प्यूटर सिक्योरिटी इंसीडेंट रिस्पांस टीम से अपर आयुक्त नगरीय विकास भेजा गया है। साथ ही उन्हें भोपाल स्मार्ट सिटी के सीईओ का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

उद्योग विभाग में सचिव व 2008 बैच के आईएएस सीबी चक्रवर्ती को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन भोपाल के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है। किरोड़ीलाल के स्मार्ट सिटी का पद संभालने के बाद भोपाल नगर निगम के आयुक्त फ्रेंक नोबल ए (2013) इस जवाबदारी से मुक्त होंगे। इसी तरह सीबी चक्रवर्ती के मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का जिम्मा संभालने के बाद नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई रेल कॉर्पोरेशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

## नगरीय विकास विभाग में दो अपर आयुक्त

हाल ही में जीएडी से प्रशासन अकादमी भेजे गए अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार (1989) को कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विनोद कुमार के चार्ज लेने के बाद ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव इस जवाबदारी से मुक्त होंगे। इसी तरह सतना जिला पंचायत के सीईओ डॉ. परीक्षित संजय राव झाड़े को नगरीय विकास विभाग में अपर आयुक्त पदस्थ किया गया है।

## मुख्यमंत्री यादव के उप सचिव बने श्रीवास्तव, दूसरे उप सचिव अंशुल को स्वान का प्रभार

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व माध्यमिक शिक्षा मंडल में उप सचिव हृदयेश कुमार श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री का उप सचिव पदस्थ किया गया है। सीएम के उप सचिव अंशुल गुप्ता को राज्य कम्प्यूटर सिक्योरिटी इंसीडेंट रिस्पॉन्स टीम के संचालक तथा स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | RajExpress | Indore | 17.02.2024 | 02 | नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड से दे सकें - इंदौर मेट्रो का किराया | Neutral |



ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के लिए तीन कंपनियों में मुकाबला, 230 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान

# नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड से दे सकेंगे भोपाल-इंदौर मेट्रो का किराया

**दूसरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी यह चलेगा**

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क



राजधानी और इंदौर में मेट्रो के ट्रायल रन के बीच अब स्टेशनों पर यात्रियों के लिए ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम शुरू करने की तैयारी है। खास बात यह होगी कि यात्रियों को काउंटर पर जाकर टिकट नहीं लेना होगा। नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के जरिए टिकटिंग होगी और भुगतान किया जा सकेगा। यह एक तरह का स्मार्ट कार्ड होता है जो केवल भोपाल और इंदौर मेट्रो तक सीमित नहीं होगा। किसी भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट में इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। हालांकि, इसमें समय लग सकता है।

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अक्टूबर, 2023 में भोपाल और इंदौर में इस सिस्टम के लिए ऑफर बुलाए थे। इस पर 230 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया है। यह कार्य करने के लिए चार साल की समय सीमा तय की है। अब इस सिस्टम के लिए तीन कंपनियों ने ऑफर दिए हैं। एसिस इलेक्ट्रॉनिक वे बिलिसिम सिस्टमलेरी पुणे, कोच्ची व मुंबई मेट्रो के लिए यह कार्य कर चुकी है। सेलिंगफॉस्ग ग्लोबल डिजिटल टेक्नोलॉजीस यह सिस्टम चेन्नई मेट्रो में लगा चुकी है। तीसरी कंपनी एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है। कॉर्पोरेशन इनके तकनीकी ऑफर्स का मूल्यांकन करेगा। इसमें सफल रहने वाली कंपनियों के वित्तीय प्रस्ताव खोले जाएंगे। न्यूनतम रेट देने वाली कंपनी को इसका जिम्मा सौंपा जाएगा। चयन की प्रक्रिया पूरी होने में दो से तीन महीने का समय लग सकता है।

## क्यूआर कोड से मिलेगा टिकट

ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम का प्रोजेक्ट पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से किया जाएगा। चयनित एजेंसी को यह सिस्टम डिजाइन, निर्माण, सप्लाई, लगाने के साथ ही इसकी टेस्टिंग और लागू करना होगा। इसमें क्यूआर कोड बेस्ड टिकटिंग सिस्टम रहेगा। क्यूआर कोड स्कैन कर टिकट मिलेगा और किराया भी यूपीआई व अन्य ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के जरिए दिया जा सकेगा। बताया जा रहा है एक बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक ने अक्टूबर, 22 में भोपाल व इंदौर मेट्रो के एएफसी सिस्टम के फायनेंशियल बैंकिंग कॉन्ट्रेक्ट के लिए बिड किया था।

## किराया तय होने के बाद लागू होगा मोबिलिटी कार्ड

मेट्रो का किराया एक कमेटी तय करेगी। यह निर्धारित होने के बाद नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड शुरू किया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि यात्री किसी भी ऑपरेटर के ट्रांसपोर्ट और सेवाओं के उपयोग के लिए पेमेंट कार्ड से कर सकेगा। बताया जा रहा है भोपाल और इंदौर मेट्रो में पहले इस कार्ड की टेस्टिंग की जाएगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट संभाल रही बीएमसी, बीसीएलएल जैसी एजेंसियों के साथ ही राज्य व नेशनल हाईवे टोल्स वसूल रहे विभागों को एक प्लेटफॉर्म पर आना होगा। फिर प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इसे लागू किया जाएगा। अभी एनसीएमसी का उपयोग कुछ राज्यों में बेहद सीमित स्तर पर किया जा रहा है।

## एमडी का जिम्मा संभालने के बाद चक्रवर्ती ने देखी प्रगति

आईएएस अधिकारी सिबी चक्रवर्ती ने शुक्रवार को मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी का जिम्मा संभाल लिया। इसके तुरंत बाद उन्होंने काम भी शुरू कर दिया। अधिकारियों के साथ मौजूदा प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। फिर सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन साइट पर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्रायोरिटी कॉरीडोर के सभी काम तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Nav bharat | Indore | 17.02.2024 | 09 | मेट्रो सं | Neutral |







# मेट्रो संबंधी कार्यों को दी जाएगी गति



**इंदौर. कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि मेट्रो संबंधी कार्यों को गति दी जाए. मेट्रो संबंधी निर्माण कार्य तेज गति से पूर्ण हो उसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाहियां जल्द से जल्द पूरी हो. सभी अवरोधों को अगले 7 दिन में दूर किया जाये.**

- सभी अवरोधों को अगले 7 दिन में किया जायेगा दूर
- कलेक्टर ने ली संबंधित अधिकारियों की बैठक

कलेक्टर आशीष सिंह ने आज यहां मेट्रो से जुड़े सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय में ली. इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर गौरव बेनल तथा रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. बैठक में श्री आशीष सिंह ने मेट्रो के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की. उन्होंने मेट्रो स्टेशन, मेट्रो लाईन आदि के बारे में जानकारी ली. उन्होंने मेट्रो के दूसरे चरण के तहत किए जाने वाले कार्यों और उनमें आ रही बाधाओं की जानकारी भी ली.

## पार्किंग की समुचित व्यवस्था करें

उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही प्रक्रियात्मक कार्यवाहियों को पूर्ण करने और अन्य बाधाओं को अगले 7 दिन में दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये.

**Metro News**
**18.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 18 .02.2024 | J6 | मेट्रो के ट्रायल रूट के बचे स्टेशन का काम जल्द पूरा करें: एमडी | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 18-02-2024 Pg-J6

# मेट्रो के ट्रायल रूट के बचे स्टेशन का काम जल्द पूरा करें : एमडी

## ट्रायल रन के दौरान ताबड़तोड़ काम चला था, उसके बाद से रफ्तार धीमी

भास्कर संवाददाता | इंदौर



इंदौर में पहले चरण में 31 किमी के हिस्से में मेट्रो ट्रेन का काम होना है। इसमें 17.5 किलोमीटर लंबे रूट पर काम चल रहा है। शनिवार को मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के नए प्रबंध संचालक सीबी चक्रवर्ती ने मेट्रो रेल प्रायोरिटी कॉरिडोर का निरीक्षण किया।

सबसे पहले गांधीनगर स्थित डिपो का मौका-मुआयना किया। वहां निर्माणाधीन इंस्पेक्शन बे, प्रशासनिक भवन, रिपेयर बे लाइन, ट्रांसमिशन सिस्टम आदि की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण किया। ट्रायल रूट पर बने पांच स्टेशनों का काम पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने गांधी नगर स्टेशन, एससी-6, एससी-5, एससी-4, एससी-3 का काम देखा। उन्होंने बचे हुए कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साइट के निरीक्षण के बाद उन्होंने मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी ली। काम और उसकी प्रगति रिपोर्ट अधिकारियों से मांगी। साथ ही तय समय पर मेट्रो के संचालन को लेकर काम करने और रणनीति बनाने के लिए कहा। बैठक में सिस्टम निदेशक शोभित टंडन, महाप्रबंधक सिविल अजय कुमार, महाप्रबंधक रोलिंग स्टॉक मनीष गंगारेकर व अन्य अधिकारी, कंसल्टेंट मौजूद थे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | नई दुनिया | इंदौर | 18 .02.2024 | 05 | तय समय सीमा मे कार्य पूरा करने के दिए निर्देश | Neutral |

नईदुनिया
इंदौर, रविवार, 18 फरवरी, 2024



# तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश



गांधी नगर डिपो और सुपर कारिडोर के मेट्रो स्टेशन का शनिवार को निरीक्षण करते नए प्रबंध संचालक सीबी चक्रवर्ती। ● सौजन्य

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के नए प्रबंध संचालक सीबी चक्रवर्ती ने शनिवार को गांधी नगर डिपो और सुपर कारिडोर के मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। मेट्रो डिपो में उन्होंने निर्माणाधीन निरीक्षण-वे, प्रशासनिक भवन, रिपेयर-वे लाइन, ट्रांसमिशन सिस्टम के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वे गांधी नगर स्टेशन, एससी-6, एससी-5, एससी-4, एससी-3 को देखने पहुचे और अधिकारियों को तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिपो परिसर में मेट्रो कोच के अंदर पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा। इसके पश्चात वे मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक में शामिल हुए और अब तक हुए निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। प्रबंधक निदेशक के निरीक्षण कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक में अजय शर्मा (निदेशक परियोजना), शोभित टंडन (निदेशक सिस्टम), अजय कुमार (महाप्रबंधक सिविल), मनीष गंगारेकर (महाप्रबंधक रोलिंग स्टाक), मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 18.02.2024 | 03 | मेट्रो स्टेशन का निर्माण समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस 3 महानगर
सूर्योदय : 06:57 सूर्यास्त 18.24
तापमान अधिकतम 32.6 ° न्यूनतम 16.2°
इंदौर रविवार, 18 फरवरी 2024



# मेट्रो स्टेशनस् का निर्माण समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें

## प्रबंध संचालक ने इंदौर मेट्रो रेल प्रायोरिटी कॉरीडोर का साइट निरीक्षण किया

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

शविार को सीबी चक्रवर्ती, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन ने कार्य भार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन इंदौर मेट्रो रेल प्रायोरिटी कॉरीडोर का साइट निरीक्षण और संबंधित विषय पर समीक्षा बैठक भी किया ।

इंदौर मेट्रो परियोजना के साइट निरीक्षण में प्रबंध संचालक ने सबसे पहले गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो का मुआइना किया। प्रबंध संचालक ने डिपो में निर्माणाधीन इन्सपैक्शन बे, प्रशासनिक भवन, रिपेयर बे लाइन, ट्रांशमीशन सिस्टम आदि के संबंध में अद्यतन जानकारी ली । साइट निरीक्षण के दूसरे चरण में प्रबंध संचालक ने मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने गांधी नगर स्टेशन, एससी-6, एससी-



5, एससी-4, एससी-3 के निर्माण प्रगति का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिशा -निर्देश दिये।

### समीक्षा बैठक भी की

साइट निरीक्षण के उपरांत प्रबंध संचालक ने इंदौर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी की । बैठक के दौरान वे अबतक के हुए निर्माण कार्य और प्रगति से अवगत हुए। साथ ही आगामी कार्यक्रमो और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निर्धारित रणनीति की भी जानकारी ली ओर मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रगति की प्रबंध संचालक स्तर एवं निदेशक स्तर पर निरंतर समीक्षा की जाएगी। प्रबधक निदेशक के निरीक्षण कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक में अजय शर्मा (निदेशक परियोजना), शोभित टंडन (निदशक सिस्टम), अजय कुमार (महाप्रबंधक सिविल), मनीष गंगारेकर (महाप्रबंधक रोलिंग स्टॉक), कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा जनरल कंसल्टेंट के वरीय अधिकारी तथा कॉन्ट्रैक्टर्स प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Free Press | Indore | 18.02.2024 | 02 | MPMRCL MD inspects Indore Metro Priority Corridor | Neutral |


INDORE CITY

Pg-02

www.freepressjournal.in

INDORE | SUNDAY | FEBRUARY 18, 2024


# MPMRCL MD INSPECTS INDORE METRO PRIORITY CORRIDOR

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

The managing director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Sibi Chakkravarthy conducted a comprehensive site inspection of the Indore Metro Rail Priority Corridor, marking his second day in office on Saturday.

Following the site inspection, a review meeting was convened to evaluate the status of the ongoing construction and to strategise further steps at the Indore Metro office.

Chakkravarthy started the inspection by visiting the Metro depot at Gandhinagar. He assessed various aspects of the depot's construction, including the inspection bay, administrative building, repair bay line, and transmission system, seeking updated information and issuing necessary instructions to ensure timely completion.

Subsequently, he proceeded to inspect several metro stations along the corridor. Notable stations visited included Gandhi Nagar Station, SC-6, SC-5, SC-4, and SC-3, where he monitored the construction progress and provided directives to concerned officials to expedite the work to meet the project timelines.

The inspection programme and subsequent review meeting were attended by key officials including Ajay Sharma (director project), Shobhit Tandon (director system), Ajay Kumar (general manager-civil), Manish Gangarekar (general manager-rolling stock), alongside other senior officers from Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, as well as representatives from the general consultant and contractors.



Managing Director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation discussing issues with officals oflndore Metro inthe city on Saturday

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | नवभारत | इंदौर | 18 .02.2024 | 12 | अधिकारियों को निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश | Neutral |



# अधिकारियों को निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश

**इंदौर.** शनिवार को प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन सीबी चक्रवर्ती ने कार्य भार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन इंदौर मेट्रो रेल प्रायोरिटी कॉरीडोर का साइट निरीक्षण किया. साथ ही संबंधित विषय पर समीक्षा बैठक भी की.

- प्रबंध संचालक ने मेट्रो रेल प्रायोरिटी कॉरीडोर का साइट निरीक्षण किया
- समीक्षा बैठक में लक्ष्य प्राप्ति रणनीति की जानकारी ली



इंदौर मेट्रो परियोजना के साइट निरीक्षण में प्रबंध संचालक ने सबसे पहले गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो का मुआइना किया. प्रबंध संचालक ने डिपो में निर्माणाधीन इन्सपैक्शन बे, प्रशासनिक भवन, रिपेयर बे लाइन, ट्रांशमीशन सिस्टम आदि के संबंध में अद्यतन जानकारी ली. साइट निरीक्षण के दूसरे चरण में प्रबंध संचालक ने मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण किया. उन्होंने गांधी नगर स्टेशन, एससी-6, एससी-5, एससी-4, एससी-3 के निर्माण प्रगति का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिये. प्रबंधक निदेशक के निरीक्षण कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक में अजय शर्मा निदेशक परियोजना, शोभित टंडन निदशक सिस्टम, अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल, मनीष गंगारेकर महाप्रबंधक रोलिंग स्टॉक, कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा जनरल कंसलटेंट के वरीय अधिकारी तथा कॉन्ट्रैक्टर्स प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए.

## निरंतर की जाएगी समीक्षा

साइट निरीक्षण के उपरांत प्रबंध संचालक ने इंदौर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक भी की. बैठक के दौरान वे अबतक के हुए निर्माण कार्य और प्रगति से अवगत हुए. साथ ही आगामी कार्यक्रमों और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निर्धारित रणनीति की भी जानकारी ली. मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रगति की प्रबंध संचालक स्तर एवं निदेशक स्तर पर निरंतर समीक्षा की जाएगी.



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 18 .02.2024 | 3 | मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के नवागत एमडी इंदौर पहुंचे, स्टेशन निर्माण के काम मे तेजी लाने की निर्देश | Neutral |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 3 February 18, 2024


## मेट्रो रेल कार्पोरेशन के नवागत एमडी इंदौर पहुंचे, स्टेशन निर्माण के काम में तेजी लाने के निर्देश

# मई तक हर हाल में पांच स्टेशनों का काम पूरा करें : चक्रवर्ती

### कमर्शियल रन और ट्रेन की टेस्टिंग का लिया जायजा, कहा- जिला प्रशासन से समन्वय कर करें काम


पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584460010


मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन के नवागत एमडी सीबी चक्रवर्ती शनिवार को इंदौर मेट्रो रेल निर्माण कार्यों की समीक्षा करने पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने गांधी नगर से एससी-3 स्टेशन तक निरीक्षण किया और रूट पर मई और जून में आम जनता के लिए कमर्शियल रन को शुरू करने की तैयारियों पर मेट्रो के तकनीकी डायरेक्ट शोभित टंडन सहित अन्य अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद वो मेट्रो डिपो पहुंचे जहां उन्होंने मेट्रो ट्रेन की टेस्टिंग का जायजा लिया। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्टेशन निर्माण के काम में तेजी लाने और रोबोट से रेडीसन चौराहे तक ट्रैक निर्माण पूर्ण करने निर्देश दिए।

इंदौर मेट्रो परियोजना के साइट निरीक्षण में प्रबंध संचालक ने सबसे पहले गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो का मुआयना किया। प्रबंध संचालक ने डिपो में निर्माणाधीन टेस्टिंग ट्रैक, प्रशासनिक भवन, रिपेयर वे लाइन, ट्रांसमिशन सिस्टम आदि के संबंध में वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि शहर में मई और जून माह में गांधीनगर से एससी-3 (टीसीएस चौराहे) मेट्रो स्टेशन तक पांच किलोमीटर रन शुरू करना है, जिसके लिए क्या तैयारियां हैं, मेट्रो सेफ्टी की अनुमति के संबंध कौन-सी कार्रवाई की गई है। स्टेशन पर क्या सभी सुविधाएं जनू माह तक उपलब्ध हो जाएंगी। इसके बाद एमडी चक्रवर्ती गांधी नगर स्टेशन, एससी-6, एससी-5, एससी-4, एससी-3 पर निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि मई माह तक सभी पांच स्टेशन का काम पूरा हो जाना चाहिए। अगर किसी कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है तो मुझे बताएं। इंदौर जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम में तेजी लाएं।



### दो और ट्रेनों का जल्द ट्रायल

चक्रवर्ती ने मेट्रो डिपो के टेस्टिंग ट्रैक का निरीक्षण किया। यहां दो ट्रेनों का ट्रायल वर्तमान में किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि ट्रेन कब तक मुख्य ट्रैक पर पहुंचेगी, कितने समय तक टेस्टिंग होगी, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनों की तकनीकी जांच की जा रही है और खामियों को दूर किया जा रहा है। जल्द ही दोनों ट्रेनों का ट्रायल रन तय किया जाएगा। वर्तमान में इंदौर में तीन मेट्रो ट्रेन डिपो में है। पहली ट्रेन का सितम्बर माह में ट्रायल लिया गया था। इसके बाद दो ट्रेन इंदौर आ चुकी है जिसको ट्रेस्टिंग ट्रैक पर परखा जा रहा है। प्रबंधक निदेशक के निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक में अजय शर्मा (निदेशक परियोजना), शोभित टंडन (निदेशक सिस्टम), अजय कुमार (महाप्रबंधक सिविल) आदि प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# Metro News
# 21.02.2024

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | नई दुनिया | इंदौर | 21.02.2024 | 02 | मेट्रो का चौथा सेट पहुं उतारा जाएगा | Neutral |



## मेट्रो का चौथा सेट पहुंचा, आज पटरियों पर उतारा जाएगा



गांधी नगर डिपो पर मंगलवार को मेट्रो का चौथा सेट (एक सेट में तीन कोच) वडोदरा से ट्राले पर पहुंचा। बुधवार को विशेष ट्रेन से अनलोड कर पटरियों पर उतारा जाएगा। फिर तीनों कोच को जोड़ा जाएगा। इसके तारों को जोड़कर नेट कनेक्टिविटी दी जाएगी। एक महीने में इन कोचों को चलाकर ट्रायल किया जाएगा। जल्द ही पांचवां सेट आएगा।
• सौ. मेट्रो प्रबंधन

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | पत्रिका | इंदौर | 21.02.2024 | 02 | 2500 करोड़ में बनेगा मेट्रो का अं कॉरिडोर और 7 स्टेशन | Neutral |


INDOREPRIME
इंदौर प्राइम
पत्रिका patrika.com
इंदौर, बुधवार, 21 फरवरी, 2024


Pg-II

**प्रोजेक्ट का तीसरा चरण : रीगल तिराहे के साथ राजबाड़ा पर भी किया अंडरग्राउंड स्टेशन प्रस्तावित, लगातार बढ़ रही लागत**

**नया रूट : रीगल तिराहा, नगर निगम, रामबाग, छोटा गणपति चौराहा मल्हारगंज, बड़ा गणपति, एयरपोर्ट**

# 2550 करोड़ में बनेगा मेट्रो का अंडरग्राउंड कॉरिडोर और 7 स्टेशन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो के परिवहन की सुविधा के लिए तीसरे चरण यानी अंडर ग्राउंड कॉरिडोर पर सरकार करीब 2550 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया है। इस रूट पर 7 अंडरग्राउंड स्टेशन बनाए जाएंगे। टेंडर में रीगल चौराहे पर रेलवे स्टेशन के साथ ही राजबाड़ा पर भी अंडर ग्राउंड स्टेशन प्रस्तावित किया गया है।

जब प्रोजेक्ट शुरू हुआ तो अंडर ग्राउंड प्रोजेक्ट को पूरा करने की लागत करीब 1500 करोड़ रुपए आंकी गई थी। बाद में यह बढ़कर करीब 2 हजार करोड़ रुपए हुई। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी की ओर से जो टेंडर जारी हुआ है, उसमें लागत करीब 2550 करोड़ व जीएसटी अलग का मूल्य दर्शाया गया है यानी ट्रेक के निर्माण में होने वाली देरी का असर लागत पर भी पड़ रहा है। जब अंडरग्राउंड की ट्रेक की बात हुई तो यह पलासिया से एमजी रोड होते हुए राजबाड़ा और वहां से बड़ा गणपति होते हुए एयरपोर्ट तक जाना था। पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने राजबाड़ा से अंडर ग्राउंड ट्रेक को लेकर आपत्ति ली तो रास्ता बदल दिया।

## मेट्रो प्रोजेक्ट

- **31** किलोमीटर का रेलवे ट्रैक होगा
- **28** स्टेशन प्रस्तावित हैं पूरे ट्रैक पर- 21 स्टेशन एलिवेटेड होंगे
- **07** स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे
- **03** कोच की 2 मेट्रो ट्रेन संचालित होंगी



2024 में जून तक गांधीनगर से टीसीएस तक मेट्रो के कमर्शियल रन का टारगेट था, जिस बढ़ाकर जुलाई से सितंबर के बीच कर दिया है।

## 543 करोड़ का खर्च

दूसरे चरण का टेंडर भी लगभग तय हो गया है, आदेश जारी नहीं हुए हैं। रोबोट चौराहे से बंगाली चौराहे होते हुए पलासिया तक 5.2 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर का काम दूसरे चरण में होना है। मार्च में टेंडर बुलाए गए थे, जिसमें 5 कंपनियों ने भाग लिया था। मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन ने 492.32 अनुमानित लागत तय की थी, लेकिन 543 करोड़ में तय हुआ है। दूसरे चरण का काम रेलवे विकास निगम करेगा। पांच एलिवेटेड स्टेशन बनना है। टेंडर जारी होने के 3 साल में काम होने का लक्ष्य है।

## अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट की ऐसे से बढ़ी लागत

- **सबसे पहले :** 1500 करोड़ रुपए आंकी गई
- **फिर बाद में :** 2 हजार करोड़ रुपए के लगभग रुपए
- **और अब:** 2550 करोड़ रुपए हो गई
- **लक्ष्य :** पूरा प्रोजेक्ट वर्ष 2026- 27 तक पूरा होना है।

## राजबाड़ा को बचाने के उद्देश्य से रूट बदला

नया रूट रीगल तिराहे से ट्रैक को मोड़कर नगर निगम के पास से रामबाग होते हुए छोटा गणपति चौराहा मल्हारगंज व वहां से बड़ा गणपति होते हुए एयरपोर्ट ले जाना है। इस ट्रैक को राजबाड़ा को बचाने के उद्देश्य से बदला गया है। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने एमजी रोड पर रीगल तिराहा स्थित रानी सराय परिसर में मॉडल मेट्रो स्टेशन दिल्ली की तर्ज पर बनाने का फैसला लिया। यहां जमीन मांगी गई है। हालांकि, एक वर्ग इसका विरोध भी कर रहा है। अंडरग्राउंड ट्रैक का जो टेंडर जारी हुआ, उसमें 7 अंडर ग्राउंड स्टेशन बनाने की बात है। एक स्टेशन रेलवे स्टेशन के पास यानी रानी सराय प्रस्तावित है। दूसरा स्टेशन राजबाड़ा पर बताया है। पहले रूट बदलने की बात कही थी, लेकिन अब राजबाड़ा स्टेशन के बाद छोटा गणपति चौराहा, वहां से बड़ा गणपति चौराहा, रामचंद्र नगर चौराहा, बीएसएफ के पास कालानीनगर और फिर एयरपोर्ट पर अंडर ग्राउंड स्टेशन प्रस्तावित किया है। राजबाड़ा पर स्टेशन बनाने पहले रूट पर नहीं था, लेकिन टेंडर में इसका उल्लेख किया गया है।

**Metro News**

**22.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | नई दुनिया | इंदौर | 22.02.2024 | 04 | चौथा कोच सेट अनलोड, डिपो में मेट्रो की कतार | Neutral |


नईदुनिया

इंदौर, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024

इंदौर सिटी

www.naidunia.com


# चौथा कोच सेट अनलोड, डिपो में मेट्रो की कतार



डिपो परिसर में पहुंचे मेट्रो के चौथे कोच सेट को पटरियों पर उतारा गया। • राजू पवार

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बुधवार को गांधी नगर डिपो में मेट्रो के कोच के चौथा सेट ट्राले से अनलोड कर विशेष क्रेन की मदद से परिसर में बने ट्रैक पर रखा गया। चौथे सेट के तीनों कोच को आपस में जोड़ा गया और निरीक्षण यार्ड में ले जाया गया।

अभी निरीक्षण यार्ड में तीन कोच को रखा गया है। इन तीनों कोच का परिसर में बने 900 मीटर के टेस्टिंग ट्रेक पर जांचा जा रहा है। इंदौर में मेट्रो संचालन के दौरान 25 सेट का उपयोग होना है। वर्तमान में गांधी नगर डिपो में चार सेट पहुंच चुके हैं। इस माह के अंत तक एक और कोच आने की संभावना है। गांधी नगर स्टेशन से टीएसएस तक 5.9 किलोमीटर प्रायरिटी कारिडोर पर इन कोच का संचालन होना है।



गांधी नगर डिपो में खड़े मेट्रो के तीन सेट की जांच व परीक्षण किया जा रहा। • नईदुनिया

**एडीबी से 1600 करोड़ रुपये ऋण की मिली स्वीकृति :** मेट्रो के एलिवेटेड कारिडोर के लिए मेट्रो रेल कार्पोरेशन प्रालि द्वारा अभी तक न्यू डेवलपमेंट बैंक से 1600 करोड़ रुपये की राशि ली गई है। मेट्रो के अंडरग्राउंड हिस्से में के रीगल तिराहे से एयरपोर्ट तक 8.8 किलोमीटर हिस्से में सात स्टेशन बनाए जाने हैं। इस हिस्से के निर्माण के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से मेट्रो रेल प्रबंधन को 1600 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत हो गई। मेट्रो प्रबंधन द्वारा अंडरग्राउंड हिस्से के निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 23.02.2024 | 05 | पब्लिक रन से पहले सभी मेट्रो ट्रेनों चलाया जाएगा दो से पाँच हजार किमी | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 5 February 23, 2024

लोगों के सफर में बाधा न आए इसलिए हर दिन प्रत्येक ट्रेन का 30-40 किमी का होगा सर्विस ड्राइव रन

# पब्लिक रन से पहले सभी मेट्रो ट्रेनों को चलाया जाएगा दो से पांच हजार किमी

शैलेन्द्र वर्मा • इंदौर
मो.नं. 9584460010



शहरवासियों का मेट्रो ट्रेन में सफर करने का सपना साकार हो इसके लिए मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा इंदौर शहर में इस समय दो बड़े स्तरों पर काम किया जा रहा है, जिसमें पहले वह क्षेत्र है जहां पर सितंबर माह में 5 किमी से अधिक का ट्रायल रन पूर्व एमडी मनीष सिंह के नेतृत्व में किया गया था। अब इसकी कमान मेट्रो के नए एमडी सीबी चक्रवर्ती के हाथों में दी गई है। जून माह में इंदौरवासियों का मेट्रो ट्रेन में सफर करने का सपना हकीकत बन सकता है, जिसके लिए मेट्रो के ट्रैक और डिपो में तैयारी दिखाई दे रही है। अब तक चार ट्रेन मेट्रो डिपो में पहुंच चुकी हैं। मार्च की शुरुआत में एक ट्रेन इंदौर और आएगी। इंदौर आ चुकी ट्रेनों को अभी टेक्निकल टेस्ट और सर्विस ड्राइव रन लिया जा रहा है। बुधवार को चौथी ट्रेन गांधीनगर डिपो में पहुंची। सूत्रों के अनुसार भले ही नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में जुलाई 2024 में मेट्रो के पब्लिक रन की बात कही है, लेकिन मेट्रो रेल कारपोरेशन की तैयारी मई और जून माह की डेड लाइन के हिसाब से जारी है।

इस तरह डिपो में परखी जा रही मेट्रो

## ट्रेन की टेस्टिंग के लिए दो चरणों में काम

ट्रेन की टेस्टिंग के लिए दो चरणों में काम किया जाता है। डिपो में ट्रेन पहुंचने के बाद टेस्टी ट्रैक पर पूरे रैक को उतारा जाता है और यहां इसे असेंबल्ड करने का काम होता है जिसमें एक से दो सप्ताह तक का समय लगता है। इसके बाद डिपो में बनाए गए 900 मीटर लंबे ट्रैक पर प्रतिदिन 30 से 50 किलोमीटर अलग-अलग स्पीड मोड पर चलाकर देखा जाता है। इसमें ट्रेन में सुरक्षा अलर्ट, स्टेशन अलर्ट, लाइटिंग ऑटो सिस्टम, स्पीड ट्रस्टिंग, व्हील मूवमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम सिहित अन्य तकनीकी जांच बिंदुओं को परखा जाता है।

## दूसरी परीक्षा एलिवेटेड ट्रैक पर

इसके बाद मेट्रो ट्रेन के कोचों की दूसरी परीक्षा एलिवेटेड ट्रैक पर ले जाकर की जाती है। अब तक इंदौर में 2 ट्रेन का ट्रायल स्टेशन ट्रायल रन किया गया है। इसके अलावा वर्तमान में 1 ट्रेन का ट्रायल लेने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए शेड्यूल तय किया जा रहा। इस ट्रायल ट्रेन के दौरान ट्रेन को सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के 5 किलोमीटर हिस्से में चलाकर देखा जाएगा, जिसमें ट्रेन की फुल स्पीड, स्टेशन अलार्म, ब्रेकिंग सिस्टम, ऑटोमेटिक डोर ओपन सिस्टम, अनाउंसमेंट सिस्टम, अप एंड डाउन दोनों ओर से चेक किए जाते हैं।

## ट्रैक पर देखेंगे ट्रेन की स्टेबिलिटी

इसके अलावा पब्लिक रन से पहले मेट्रो की सभी ट्रेनों को ट्रेस्टिंग ट्रैक के साथ ही एलिवेटेड ट्रैक पर 2000 से 5 हजार किलोमीटर तक चलाकर देखा जाएगा। इस दौरान ट्रैक पर ट्रेन की स्टेबिलिटी देखी जाती है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार का खतरा यात्रा के दौरान नहीं होता। मंगलवार और बुधवार को अब तक मिली मेट्रो ट्रेन में दूसरी ट्रेन को एलिवेटेड ट्रैक पर चलाकर परखा गया। अब यह सर्विस रन पब्लिक रन शुरू होने तक जारी रहेगा। मेट्रो ट्रेन से जुड़े सूत्रों के अनुसार पहली बार ट्रेन को चलाने में अधिक समय लगता है।

## जून तक चलाने की तैयारी...

हमारा प्रयास है कि जून तक मेट्रो ट्रेन चला दी जाए इसी लिहाज से तैयारी की जा रही है। पहली बार ट्रेन को सर्विस ड्राइव के लिए तैयार करने में करीब 5 हजार किमी चलाने की आवश्यकता होती है। ट्रेन को एलिवेटेड ट्रैक पर कम ले जाया जा रहा है, लेकिन जल्द ही इनके फेरे बढ़ाए जाएंगे।

-शोभित टंडन,
टेक्निकल डायरेक्टर,
इंदौर मेट्रो कॉरपोरेशन

MPMETRO
Rail Corporation Limited

**Metro News**
**26.02.2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Free Press | Bhopal/Indore | 26.02.2024 | 07/04 | Metro Trains stock tested on Main line | Neutral |

# MADHYA PRADESH

Pg-07 BHOPAL | MONDAY | FEBRUARY 26, 2024 www.freepressjournal.in

## Metro trains stock tested on main line

**Indore:** The testing of the new stock of the metro rail was performed by the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited on Saturday. Officials said that this testing was done on the main line from Gandhi Nagar to Super Corridor 3 Metro Station. The stock has been arrived in the city on Friday and then all the technical checks were done of it and then trial was performed. Similarly, the work of the Metro stations from Super Corridor 6 to Gandhi Nagar Metro Station is going on in full fledge and many stations have taken shape. When complete the total length of the first phase of the metro corridor would be around 32.32 km from Gandhi Nagar, Super Corridor, MR 10, from Vijay Nagar, Radisson to Robot Square and from there to the airport via Bengali Square, Palasia and MG Road.

# INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | MONDAY | FEBRUARY 26, 2024 Pg-04

## Metro rakes stock tested on main line

**INDORE:** The testing of the new stock of Metro rakes was performed by the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) on Saturday. Officials said that the testing was done on the main line from Gandhi Nagar to Super Corridor 3 Metro Station. The stock arrived in the city on Friday and all technical checks were done of the rakes and then trial run was performed.